संसद सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 दिसंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्य तथा राज्य सभा के महासचिव श्री पी सी मोदी ने भी चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्ट जनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवन वृत्त वाली पुस्तक भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसंबर 1993 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण किया था।